सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

प्रेस विज्ञप्ति–3

राजभवन देहरादून 23 अगस्त, 2022

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजभवन से मास्टर्स स्पोर्ट्स टीम को तमिलनाडु में आयोजित होने वाले फुटबॉल टूर्नामेंट के लिएफ्लैग ऑफ किया। तमिलनाडु के कोयंबटूर में आगामी 27 अगस्त से 02 दिवसीय 9Aसाइड वेटरनऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित हो रहा है। इस टूर्नामेंट में उत्तराखण्ड सहित 08 राज्यों की टीमें प्रतिभाग करेगी। उत्तराखण्ड से मास्टर्स स्पोर्ट्स टीम इस टूर्नामेंट में प्रतिभाग कर रही है।

टीम को फ्लैग ऑफ करते हुए राज्यपाल ने टीम को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मास्टर्स स्पोर्ट्स के सभी खिलाड़ी 45 वर्ष से अधिक उम्र के है जो फिट इण्डिया मूवमेंट को चरितार्थ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को खेलों और अपने स्वास्थ्य के प्रति हमेशा जागरूक रहना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि वे सभी खिलाड़ियों से मिलकर बहुत प्रभावित हुए हैं। उन्होने कहा कि इस उम्र में खेलों के प्रति ऐसा जज्बा हमारे युवाओं के प्रेरणा का कार्य करेगा। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त किया। इस अवसर पर मास्टर्स स्पोट्स सोसाइटी के अध्यक्ष विपिन बलूनी, उपाध्यक्ष निशांत थपलियाल, विनोद पाण्डे, वी. सी. राणा महासचिव मोईन खान और राजेन्द्र चौधरी सहित टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

..........0..........